सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
सत्यमेव जयते
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-423
05/10/2018

# नई पीढ़ी के अभियंताओं के बल पर काम और तेजी से एवं गुणवत्तापूर्ण होगा :– मुख्यमंत्री

पटना, 05 अक्टूबर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज अधिवेशन भवन में नवनियुक्त सहायक अभियंताओं के उन्मुखीकरण कार्यशाला कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस आयोजन के लिए पथ निर्माण विभाग एवं भवन निर्माण विभाग को बधाई देता हूँ। जिन सहायक अभियंताओं की नियुक्ति हुई है, उनकी काबिलियत एवं ज्ञान पर मुझे पूरा भरोसा है। पथ निर्माण विभाग द्वारा उन्हें प्रशिक्षण के माध्यम से हर चीज की जानकारी दी गयी है। भवन निर्माण विभाग अभी इन अभियंताओं को प्रशिक्षण देने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने भी इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है लेकिन इंजीनियरिंग के क्षेत्र में काम नहीं किया और सार्वजनिक जीवन में आ गया। अपने इंजीनियर मित्रों के द्वारा इंजीनियरिंग क्षेत्र में होने वाले कार्यों के बारे में जानकारी मिलती रहती है। इंजीनियरिंग का विद्यार्थी होने के कारण मुझे आप सबसे विशेष लगाव है और आपसे उम्मीदें भी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 में सरकार में आने के बाद हमने सबसे पहले कानून व्यवस्था बहाल की। राज्य में रूल ऑफ लॉ लागू किया। राज्य में खराब सड़कों की हालत ठीक करने को प्राथमिकता सूची में रखते हुए हमने नई सड़कों के निर्माण के साथ–साथ अपने खर्च से नेशनल हाईवे को दुरुस्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टेट हाईवे के साथ–साथ अब ग्रामीण सड़कों के लिए मेंटेनेंस पॉलिसी बनायी गयी है ताकि सभी का रख–रखाव बेहतर ढंग से हो सके। हमलोगों ने राज्य के सुदूरवर्ती इलाके से छह घंटे में पटना पहुंचने के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है और अब पाँच घंटे में राज्य के किसी कोने से पटना पहुंचने के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये और पुल/पुलियों का निर्माण कराया जा रहा है, साथ ही सड़कों का चौड़ीकरण भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी गावों, टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ा जा रहा है। गावों एवं टोलों में पक्की गली–नाली का निर्माण कराया जा रहा है ताकि लोग अपने घर से सड़क तक सहूलियत से पहुँच सकें। राज्य सरकार सड़कों के निर्माण पर कितना खर्च कर रही है, उसके संबंध में आपलोगों को इस कार्यक्रम में विस्तार से बताया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मैं केंद्र में मंत्री था, उस समय भी अपने क्षेत्रों में जनता से मिलने के लिए काफी पैदल चलना पड़ता था। अब स्थिति ऐसी है कि किसी को मजबूरी में पैदल चलना नहीं पड़ेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विकास के अनेक काम किए गये हैं। जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं अभियंत्रण विभाग एवं भवन निर्माण विभाग में एक से बढ़कर एक काम किए गये हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बिहार संग्रहालय का निर्माण कराया गया। सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र अपने आप में विशिष्ट है। उसी परिसर में ज्ञान भवन, खूबसूरत सभ्यता द्वार और स्टील स्ट्रक्चर निर्मित पाँच हजार की क्षमता वाला बापू सभागार है। इसमें फ्रांस के एफिल टावर से दुगुना स्टील का प्रयोग हुआ है, यह आइकोनिक बिल्डिंग है। कुछ ही दिन में पुलिस भवन का उद्‌घाटन होने वाला है जो विशिष्ट तरीके से बना है और आठ रिक्टर पैमाने वाले भूकम्प को सहने की क्षमता रखता है। राजगीर में बना कन्वेंशन सेंटर अपने आप में विशिष्ट है और बोधगया में इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भी बनने वाला है। नेहरु पथ पर तीन

किलोमीटर एलिवेटेड पुल बनाया गया। कंकड़बाग में एलिवेटेड पुल बना। छपरा में एलिवेटेड रोड का निर्माण कराया जा रहा है। बिहटा एयरपोर्ट तक निर्बाध पहुँच के लिए राज्य सरकार अपने पैसे से मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड पर एलिवेटेड रोड बनाएगी। पुलिस भवन निर्माण निगम के द्वारा जो नये थाने बन रहे हैं, वह भी अपने आप में विशिष्ट है। गाँधी मैदान थाने को आदर्श थाने का रूप दिया गया है, जिसमें पहली बार लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध है। पटना से गया के लिए फोर लेन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। राज्य में डिफरेंट स्ट्रक्चर के भवन, ब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। अभी और काम होने हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा विभाग में नये इंजीनियरों की बहाली हुई है जो काफी ऊर्जावान हैं और अच्छा काम कर रहे हैं। इस साल के अंत तक हर घर तक बिजली पहुँचाने के लक्ष्य को हम प्राप्त कर लेंगे। 2 अक्टूबर 2018 से गाँधी जयंती के 150वें वर्ष का शुभारंभ हुआ है जो 2 अक्टूबर 2020 तक चलेगा, जिसमें अनेक काम किये जाने हैं। सभी सरकारी भवनों में गाँधी जी के कथन "पृथ्वी लोगों की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है लालच को नही" एवं गाँधी जी द्वारा बताये गये सात सामाजिक पापों जिनमें– सिद्धांत के बिना राजनीति, काम के बिना धन अर्जित करना, विवेक के बिना सुख, चरित्र के बिना ज्ञान, नैतिकता के बिना व्यापार, मानवता के बिना विज्ञान, त्याग के बिना पूजा को स्थायी रूप से अंकित किया जाएगा, इसे पढ़कर लोग प्रेरित होंगे। अगर 10 प्रतिशत नई पीढ़ी के लोग इसे समझकर आत्मसात कर लेंगे तो समाज बदल जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी के समय में हमलोगों ने अपने प्रयास से बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को एन0आई0टी0 बनवाया एवं राज्य सरकार ने अपनी जमीन देकर एवं अपने पैसे से बी0आई0टी0 मेसरा की शाखा खुलवाई। सात निश्चय के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज खोले जा रहे हैं ताकि बिहार के युवाओं को पढ़ने के लिए बाहर न जाना पड़े। पंचायती राज विभाग हर घर नल का जल वार्डों के माध्यम से उपलब्ध करा रहा है एवं क्वालिटी इफेक्टेड एरिया में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग नल का जल उपलब्ध कराएगा। योजना एवं विकास विभाग और नगर विकास विभाग में भी इंजीनियरिंग के काम हो रहे हैं यानि इन सभी विभागों में इंजीनियरों की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त सहायक अभियंताओं की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि आपलोग नई पीढ़ी के हैं, अपने काम के प्रति प्रतिबद्धता बनाये रखियेगा। इंजीनियरिंग का काम पूरी जिम्मेवारी के साथ करियेगा तो आपका नाम अपने क्षेत्र में याद किया जाएगा। सरकार के बजट से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य किया जा रहा है। काम की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने की आपसे उम्मीदें हैं। पथ, भवन एवं अन्य विभागों में नई पीढ़ी के अभियंताओं के बल पर काम और तेजी से एवं गुणवत्तापूर्ण होगा। आपके उज्ज्वल भविष्य की मैं कामना करता हूँ।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा ने पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया। इस अवसर पर नवनियुक्त सहायक अभियंताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम पर आधारित वृतचित्र प्रदर्शित किया गया। पथ निर्माण विभाग के प्रशिक्षण, परीक्षण एवं शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित पुस्तक का भी विमोचन मुख्यमंत्री ने किया।

कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, भवन निर्माण मंत्री श्री महेश्वर हजारी, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, प्रधान सचिव भवन निर्माण श्री चंचल कुमार ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव, सचिव परिवहन श्री संजय अग्रवाल, प्रबंध निदेशक भवन निर्माण विभाग श्री अमित कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि सहित संबंधित विभागों के अन्य वरीय अधिकारी एवं नवनियुक्त अभियंतागण उपस्थित थे।

******